# हॉर्मुज तनाव से तेल कीमतें बेकाबू

**ब्रेंट क्रूड की कीमत 120 डॉलर के पार**

**वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संकट गहराया**




**नई दिल्ली, 30 अप्रैल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन तेज कर दी है. हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच टकराव अब खुलकर सामने आ चुका है, जिसका सीधा असर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजार पर दिखा. गुरुवार को ब्रेंट क्रूड की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई, जिससे ऊर्जा बाजारों में हड़कंप मच गया.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक ईरान उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिकी शर्तों को नहीं मानता, तब तक हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी. ट्रंप ने इस कदम को ईरान पर दबाव बनाने का सबसे असरदार हथियार बताते हुए कहा कि यह सैन्य कार्रवाई से भी अधिक प्रभावी साबित हो रहा है.

दरअसल, हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम तेल आपूर्ति मार्गों में गिना जाता है, जहां से वैश्विक कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा गुजरता है. ऐसे में यहां किसी भी तरह की रुकावट का मतलब है—पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई पर खतरा और कीमतों में बेकाबू उछाल. यही वजह है कि ट्रंप के बयान के तुरंत बाद बाजारों में घबराहट फैल गई और निवेशकों ने तेजी से खरीदारी शुरू कर दी.

**रुपए में ऐतिहासिक गिरावट**

भारतीय रुपये में हालिया दिनों में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे इसे डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंचा दिया है. यह गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर कई स्तरों पर असर डालने वाला संकेत है. वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें इसका सबसे बड़ा कारण मानी जा रही हैं, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है. इसके अलावा विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार से पूंजी निकालना और अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने रुपये पर दबाव और बढ़ा दिया है.

## टाटा पावर-केप्पल चेन्नई में कूलिंग सेवा लागू

**नयी दिल्ली, 30 अप्रैल** बिजली कंपनी टाटा पावर ने चेन्नई के इनटेलियन पार्क में कूलिंग-एज-ए-सर्विस समाधान लागू करने के लिए केप्पल लिमिटेड के इंफ्रास्ट्रक्चर डिविजन के साथ हाथ मिलाया है.

टाटा पावर अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टीपीटीसीएल) के जरिये यह समाधान लागू करेगी. इनटेलियन पार्क का स्वामित्व इंफोपार्क प्रोपर्टीज लिमिटेड के पास है जो टाटा रियलटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (टीआरआईएल) की इकाई है. यह 25.27 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और गैर-सेज दोनों शामिल हैं. यह तारामणि के आईटी कॉरिडोर में रणनीतिक रूप से स्थित है.

# नई अर्थव्यवस्था में बदलनी होगी रणनीति

## संरक्षणवाद से 'सावधानी नीति' की ओर रुख




**नई दिल्ली, 30 अप्रैल बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच विश्व व्यापार संगठन की भूमिका और प्रासंगिकता को लेकर गंभीर बहस तेज हो गई है.**

पूर्व महानिदेशक पास्कल लैमी ने स्पष्ट कहा है कि तेजी से बदल रहे वैश्विक व्यापार ढांचे के अनुरूप डब्ल्यूटीओ को अपने नियमों, प्रक्रियाओं और संस्थागत ढांचे में व्यापक सुधार करना होगा.

नई दिल्ली में आयोजित एक उच्च स्तरीय चर्चा में लैमी ने कहा कि दुनिया अब पारंपरिक संरक्षणवाद से आगे बढ़कर 'सावधानी आधारित नीति' की ओर बढ़ रही है. इसका मतलब यह है कि देश अब केवल अपने उद्योगों को बचाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन और रणनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए सख्त व्यापार नियम लागू कर रहे हैं. यह चर्चा चिंतन रिसर्च फाउंडेशन और कट्स इंटरनेशनल द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें कई प्रमुख नीति विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों ने हिस्सा लिया.

सत्र की अध्यक्षता करते हुए शशि थरूर ने कहा कि वैश्विक व्यापार इस समय एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है . देशों के बीच भरोसा घट रहा है और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है . ऐसे में डब्ल्यूटीओ को अपनी भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करना होगा, ताकि वह वैश्विक व्यापार को संतुलित और स्थिर बनाए रख सके . वहीं, अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा कि डब्ल्यूटीओ से हर समस्या के समाधान की उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं है . उन्होंने सुझाव दिया कि देशों को अपनी व्यापार नीतियों को अधिक लचीला और परिस्थितियों के अनुसार बनाना चाहिए .




# एआई से अल्फाबेट की कमाई हुई तेज

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अल्फाबेट इंक ने अपनी ताज़ा तिमाही रिपोर्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बाज़ार के अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है. कंपनी की तेज़ प्रगति के पीछे कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई ) की बढ़ती मांग और क्लाउड सेवाओं का विस्तार प्रमुख कारण रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी का कुल राजस्व 22 प्रतिशत बढ़कर 109.9 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो उम्मीद से अधिक है.**

कंपनी की क्लाउड इकाई (गूगल क्लाउड) ने इस तिमाही में बेहतरीन प्रदर्शन किया. इसका राजस्व 63 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया. यह वृद्धि मुख्य रूप से एंटरप्राइज ग्राहकों द्वारा एआई आधारित सेवाओं को तेजी से अपनाने के कारण हुई है. कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने कहा कि एंटरप्राइज एआई अब क्लाउड कारोबार का सबसे बड़ा ग्रोथ ड्राइवर बन गया है.अल्फाबेट ने पहली बार अपने टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट टीपीयू चप्स को सीधे ग्राहकों को बेचना शुरू किया है. ये चिप्स एआई कंप्यूटिंग के लिए उपयोग किए जाते हैं और बाज़ार में एनवीडिया के उत्पादों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं. इस कदम से कंपनी को नए आय स्रोत मिलने की उम्मीद है.

कंपनी ने अपने पूंजीगत खर्च का अनुमान बढ़ाकर 180 से 190 अरब डॉलर कर दिया है, जिससे साफ है कि वह एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश की तैयारी कर रही है. क्लाउड इकाई का संचालन मुनाफा 6.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि कुल शुद्ध आय 81 प्रतिशत बढ़कर 62.6 अरब डॉलर हो गई है.

प्रतिस्पर्धा के बीच अमेजन वेब सर्विसेज और माइक्रोसॉफ्ट एज्योर जैसी कंपनियों के सामने अल्फाबेट का यह प्रदर्शन दिखाता है कि एआई अब कंपनी की ग्रोथ का सबसे बड़ा आधार बन चुका है . कुल मिलाकर, यह रिपोर्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में एआई और क्लाउड तकनीक कंपनी की कमाई का मुख्य स्रोत बनी रहेंगी .

# स्मार्ट बाजार का 'फुल पैसा वसूल'




**मुंबई, 30 अप्रैल.** स्मार्ट बाजार का 'फुल पैसा वसूल' इवेंट महीने की शुरुआत में बड़ी बचत का मौका लेकर आया है।

ज्यादातर भारतीय घरों के लिए महीने की शुरुआत वह समय होता है जब घर की सारी जरूरी खरीदारी की जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट बाजार ने यह खास इवेंट शुरू किया है, जो 29 अप्रैल से 3 मई तक चलेगा। यह ग्राहकों के लिए घर का सामान एक साथ खरीदने और ज्यादा बचत करने का सही समय है।

इन 5 दिनों में ग्राहक रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे आटा, चावल, दाल, खाने का तेल और रसोई व घर की दूसरी जरूरतों पर शानदार ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। ये वही चीजें हैं जो हर महीने खरीदी जाती हैं और बजट का बड़ा हिस्सा होती हैं। इसका मकसद यह है कि परिवार अपनी जरूरी खरीदारी पर ज्यादा से ज्यादा बचत कर सकें।

ये ऑफर्स आसान और साफ हैं—कीमतों में सीधी छूट और वैल्यू डील्स के साथ, ताकि ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो। वे आसानी से देख सकते हैं कि कौन सी चीज सस्ती है और अपनी जरूरत के अनुसार सही सामान चुन सकते हैं।

## एचएफसीएल को चौथी तिमाही में 184 करोड़ रुपए का मुनाफा

**नयी दिल्ली, 30 अप्रैल** दूरसंचार, डिजिटल अवसंरचना और रक्षा क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी एचएफसीएल का समेकित शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 184.45 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले समान तिमाही में उसे 83.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था. कंपनी ने गुरुवार को घोषित वित्तीय परिणामों के बारे में कहा है कि यह अब तक उसका सबसे मजबूत वित्तीय प्रदर्शन है.

# शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल. घरेलू शेयर बाजारों में आज उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिली, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई.**

प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 582.86 अंकों की गिरावट के साथ 76,913.50 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी-50 भी 180.10 अंक टूटकर 23,997.55 पर आ गया. बाजार की इस कमजोरी के पीछे वैश्विक संकेतों की नकारात्मकता, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और प्रमुख सेक्टरों में दबाव को मुख्य कारण माना जा रहा है. आईटी, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में खासा दबाव देखा गया, जिससे बाजार पर व्यापक असर पड़ा. वहीं, कुछ चुनिंदा एफएमसीजी और फार्मा शेयरों ने मामूली सहारा देने की कोशिश की, लेकिन यह गिरावट को थामने के लिए पर्याप्त नहीं रहा. विश्लेषकों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता, ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने निवेशकों के रुख को सतर्क बना दिया है.

# मिडिल ईस्ट तनाव, फेड ने दरें रोकी

## ब्याज दर 3.5-3.75% पर बरकरार



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और ऊर्जा कीमतों में तेजी के बीच फेडरल रिजर्व ( फेड ) ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया है. फेड ने अपनी बेंचमार्क दर 3.5 से 3.75 प्रतिशत के बीच स्थिर रखी है, जो बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच सतर्क रुख को दर्शाता है.**

फेड चेयर जेरोम पॉवेल ने कहा कि केंद्रीय बैंक रोजगार बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित रखने के अपने दोहरे लक्ष्य पर फोकस बनाए हुए है, भले ही महंगाई अभी भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है. उन्होंने स्वीकार किया कि मिडिल ईस्ट संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है, जिससे महंगाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है.

पॉवेल के मुताबिक, अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत स्थिति में है. उपभोक्ता खर्च और कारोबारी निवेश में मजबूती बनी हुई है, हालांकि नौकरी वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई है और हाउसिंग सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना हुआ है. उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में जल्दबाजी में कोई नीति बदलाव करना उचित नहीं होगा और आगे के फैसले आर्थिक आंकड़ों और जोखिमों को देखते हुए लिए जाएंगे.

## ई100 ईंधन नोटिफिकेशन पेट्रोल पर बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल** देश में पेट्रोल पर निर्भरता कम करने और सस्ती, स्वदेशी ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. सरकार ने ई100 ईंधन को लेकर ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके तहत अब उच्च इथेनॉल मिश्रण वाले ईंधनों को बढ़ावा दिया जाएगा. इस पहल का उद्देश्य कच्चे तेल के आयात को कम करना और घरेलू स्तर पर तैयार वैकल्पिक ईंधन को मुख्यधारा में लाना है. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित इस बदलाव में केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर ई85 और ई100 ईंधन को शामिल करने की योजना है. ई20 कार्यक्रम का अगला चरण माना जा रहा है, ऐसे वाहनों को बढ़ावा मिलेगा जो अधिक इथेनॉल मिश्रण पर चल सकते हैं.

# चांदी उछली, सोना भी हुआ मजबूत

**920** रुपए महंगा हुआ सोना

**3,380** रुपए उछली चांदी



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल** घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल दर्ज किया गया. आज 30 अप्रैल को सोना 920 रुपये बढ़कर 24 कैरेट में 1,50,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया. वहीं चांदी में बड़ी तेजी देखने को मिली और इसका भाव करीब 3,380 रुपये उछलकर 2,41,610 रु. प्रति किलो हो गया.अंतरराष्ट्रीय संकेतों और मजबूत मांग के चलते दोनों कीमती धातुओं में यह तेजी देखी जा रही है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोना और चांदी दोनों हरे निशान में कारोबार करते दिखे, जिससे बाजार में तेजी का माहौल बना हुआ है.

देश के प्रमुख शहरों में भी सोने के दाम ऊंचे बने हुए हैं . दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,49,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट 1,37,372 रुपये पर पहुंच गया . मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में भी इसी तरह की तेजी देखने को मिल रही है . वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों का सुरक्षित विकल्प की ओर झुकाव सोने-चांदी की कीमतों को समर्थन दे रहा है . आने वाले दिनों में भी इनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है .

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह- उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 153414732 | होम लोन | 17.04.2026 | 5,85,578.97/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम:** 1. संतोष गोयल 2. सीमा बाई

**संपत्ति का पता:** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के देपालपुर तहसील के भू-सर्वेक्षण संख्या 596/1 में स्थित भूखंड/मकान संख्या 89, जिसका कुल क्षेत्रफल 53.71 वर्ग मीटर है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में अजय गोयल का मकान, पश्चिम में संजय गोयल का मकान, उत्तर में सामान्य सड़क और दक्षिण में मनोहर सिंह का मकान।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 84593650 | संपत्ति के बदले ऋण | 18.03.2026 | 4,22,862.20/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम:** 1. राजेंद्र सिंह गुर्जर 2. संगीता गुर्जर

**संपत्ति का पता:** मध्य प्रदेश-455115 के देवास जिले के सोनकच्छ तहसील के सरसोदा गांव में सर्वे संख्या 419 में स्थित, कुल क्षेत्रफल 1105 वर्ग फुट ( 102.69 वर्ग मीटर ) वाली वह मकान संपत्ति, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में बनेसिंह की भूमि, उत्तर में मुकेश का मकान और दक्षिण में रतन सिंह की भूमि।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 85457800 | होम लोन | 13.04.2026 | 4,57,628.30/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम:** 1. शंभुलाल भागीरथ 2. मधुबाला शंभूलाल

**संपत्ति का पता:** मकान सं.69 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 40 X 34 = 1360 वर्ग फुट है, जो भूमि सर्वेक्षण सं.519, पीएच नं.15, ग्राम: दिल्ली खुर्द, वार्ड सं.04, तहसील: महिदपुर, जिला: उज्जैन, म.प्र.- 456440 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में बलराम का मकान, उत्तर में मुकुम सिंह का मकान, दक्षिण में बापुलाल का मकान

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 85478730 | संपत्ति के बदले ऋण | 13.04.2026 | 2,74,240.53/- |

**ऋणकताओं और सह-ऋणकताओं के नाम:** 1. लखन पन्नालाल 2. पन्नालाल गंगाराम 3. कमला बाई

**संपत्ति का पता:** पटवारी हल्का क्रमांक 27, भूमि सर्वेक्षण क्रमांक 869, 70 फीट X 16 फीट ( 1120 वर्ग फीट ) क्षेत्रफल वाली वह संपत्ति, जो ग्राम पंचायत रूपेता, तहसील नागदा, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश-456335 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में ओमप्रकाश का घर, पश्चिम में भुवन का घर, उत्तर में आम रास्ता और दक्षिण में खाली जगह।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 ( 4 ) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है ) . इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक: 01.05.2026**
**स्थान: मध्यप्रदेश**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

समाचार विशेष

# वरिष्ठ नेताओं की डिमांड से अटकी है निगम मंडल की सूची, जो नहीं मांग रहे उन्हें अपने आप मिल रहा मौका




**भोपाल. मप्र में भले ही सरकार की और 2 आयोग के अध्यक्षों के नाम का एलान कर दिया हो पर दावेदारों के बीच खींचतान के कारण फिलहाल निगम मंडल के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के नाम अटक गए है! मध्य प्रदेश बीजेपी में पहली बार ऐसा हो रहा है कि संगठन की बजाय नेता खुद संगठन को अपनी पसंद का निगम मंडल बता रहे है.**

इसके कारण शीर्ष नेतृत्व असमजंस है . बता दें कि दावेदारों में कई सीनियर नेता है जिनके चलते बीजेपी संगठन के मुखिया खुद तय नहीं कर पा रहे क्या करे! बीजेपी कई नेता अपनी पसंद से पदों की मांग कर रहे है . दावेदार ज्यादा हैं, इसलिए संतुलन बनाना मुश्किल होरहा है जातीय, क्षेत्रीय और गुटीय समीकरणों के हिसाब से संतुलन बनाना भी मुश्किल है . निगम मंडल के दावेदारों सीनियर नेता निगम मंडल चाहते है. निगम मंडल के बारे में बताया गया तो संगठन की पसंद से पहले उन्होंने अपनी पसंद के निगम मंडल बता दिए जिसके कारण मामला होल्ड पर चला गया . ऐसे नेताओ के लिए बीजेपी संगठन ने दिल्ली के ऊपर निर्णय छोड़ दिया है . नेताओ की डिमांड के बीच बीजेपी प्रदेश नेतृत्व ने उन नेताओ को पद बांटने शुरू जिन्होंने डिमांड नहीं की और संयम दिखया.जो नेता सार्वजनिक रूप से दबाव नहीं बना रहे, संगठन के प्रति संयम दिखा रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है. हाल ही में जारी आयोग की सूची में कई ऐसे नाम सामने आए जिनकी चर्चा पहले ज्यादा नहीं थी लेकिन उन्हें मंत्री दर्जा या महत्वपूर्ण पद देकर एडजस्ट किया गया. यानी शांत रहो, समय आने पर इनाम मिलेगा वाला संकेत. इसके पीछे की रणनीति है डिमांड पॉलिटिक्स पर कंट्रोल.अगर सिर्फ मांग करने वालों को पद मिलेंगे, तो हर कोई दबाव बनाएगा. इसलिए नेतृत्व यह मैसेज दे रहा है कि डिमांड नहीं, डिसिप्लिन मायने रखता है.

बीजीपी में इस समय बड़े नेताओ के अलग-अलग गुट हैं. हर गुट चाहता है कि उसके समर्थकों को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले, जिससे सूची फाइनल करने में देरी हो रही है.माना जा रहा है शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल जैसे नेता अपने समर्थको के लिए ज्यादा से ज्यादा कोटा चाहते है.

**एक अनार सौ बीमार**

प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सामने सबसे बड़ी चुनौती कई दावेदारों को लेकर है. इसलिए भी चुनाव में देरी हुई.लंबी फेहरिस्त उन सीनियर विधायकों की है जो मंत्री पद की आस लिए दो साल गुजार चुके हैं. लिहाजा मजबूत दावेदारी के साथ ये भी एक कतार है. उधर 2023 के चुनाव में अपनी एड़ी चोटी का जोर लगा चुके वे नेता जो संगठन में एडजस्ट नहीं हो पाए अब निगम मंडल की उम्मीद लगाए हैं कि पार्टी यहां तो मौका देगी.

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)] कब्जा सूचना (अचल संपति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 29.05.2024 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों 1. जितेंद्र सिंह 2. चामा बाई को नोटिस में उल्लिखित राशि, यानी 29.05.2024 तक की तारीख में रू. 3,81,148.37/- (तीन लाख इक्यासी हजार एक सौ अड़तालीस और सैंतीस पैसे मात्र) का भुगतान उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया है।

ऋणकताओं द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने 28 अप्रैल 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है। ऋणकताओं और आम जनता को विशेष रूप से आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) द्वारा रू. 3,81,148.37/- (तीन लाख इक्यासी हजार एक सौ अड़तालीस और सैंतीस पैसे मात्र) और उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

**अचल संपत्तियों का विवरण।**

**3498 वर्ग फुट (यानी 325.05 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाली वह संपत्ति (तहसीलदार सोनकच्छ द्वारा दिनांक 02.07.2018 को जारी सरकारी पट्टा), जो भूमि सर्वेक्षण संख्या 386/2, ग्राम: मोदरिया, पीएच नं. 35, तहसील: सोनकच्छ, जिला: देवास, मध्य प्रदेश- 455115 में स्थित है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सोभल सिंह का भूखंड, पश्चिम में स्थानीय सड़क, उत्तर में स्थानीय सड़क और दक्षिण में बाबू सिंह का भूखंड।**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक: 28.04.2026**
**स्थान: मध्यप्रदेश**
**ऋण खाता संख्या: 33747846**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**

**कमर्शियल वाहन की बिक्री सूचना**

| पार्टी का नाम | मॉडल | रजिस्ट्रेशन नं. | निर्माण वर्ष | पार्किंग स्थल |
|---|---|---|---|---|
| योगेश कुशवाह | ASHOK LEYLAND LIMITED _ CB_AL1815 | CG15 DZ8963 | 2023 डीजल | प्रीत पार्क्स, एबी रोड़ बायपास धामनोद धार म.प्र. 454552 |
| टीपी इक्युपमेन्ट | EICHER_ PRO_2075 | MP09 GJ4111 | 2022 डीजल | अजय पार्किंग यार्ड इन्दौर 548/2 ग्राम केलोद करताल इन्दौर |

जब्त वाहन की बिक्री के लिए ''जहां है, जिस स्थिति में है'' के आधार पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**शाखा का पता : कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**
पाचंवी मंजिल मेट्रो टॉवर, विजय नगर स्क्वेयर, ए.बी.रोड, मंगल सिटी मॉल के पास, इन्दौर-452010, संपर्क : 7798982480, 0731-4704049, 4704050

**न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी**
**(डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)**
(प्रशासनिक कल कक्ष क्र.जी 11)

क्रमांक / 124 / अकरी / 2026 — इंदौर दिनांक 24 / 04 / 2026
प्रकरण क्र. / 0012 / ब-121 / 2026-27

**पेपर विज्ञप्ति**

प्रति
1. **श्री पतिराम लोधी आत्मज श्री जगदीशप्रसाद लोधी**
**पता**— ए / ई-417, MPHB (हाउसिंग बोर्ड) कॉलोनी पीथमपुर, जिला धार (म.प्र.)—454775
**अन्य पता**— प्लाट नं. 166, पीस वैली कॉलोनी, ग्राम महूगॉव, तहसील महू, जिला इंदौर (म.प्र.)—454775
2. **श्रीमती कान्तिबाई लोधी पति श्री पतिराम लोधी**
**पता**— ए / ई-417, MPHB (हाउसिंग बोर्ड) कॉलोनी पीथमपुर, जिला धार (म.प्र.)—454775
**अन्य पता**— प्लाट नं. 166, पीस वैली कॉलोनी, ग्राम महूगॉव, तहसील महू, जिला इंदौर (म.प्र.)—454775

**द्वाराः— पेपर प्रकाशन।**

—00—

**प्राधिकृत अधिकारी, टाटा केपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड, रजिस्टर्ड कार्यालयः— 11th फ्लोर टावर ए पेनीनसुला बिजनेस पार्क गनपतराव कदम मार्ग लोवर परेल मुंबई 400013 ब्रांच ऑफिस :— 302, तीसरी मंजिल खण्डेलवाल बिजनेस पार्क ब्लाक नंबर 4 एंड 9/1 एम.जी.रोड मध्यप्रदेश 452001** द्वारा आवेदन कर निवेदन किया हैं कि **बंधक संपत्ति प्लॉट नं. 166, पीस वैली कॉलानी, ग्राम महूगॉव तहसील महू जिला इंदौर (म. प्र.)** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूति संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर **कलेक्टर जिला इंदौर कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 04/05/2026 को दोपहर 03:00 बजे** होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी**
**जिला इंदौर (म.प्र.)**
**इंदौर दिनांक 24.04.2026**